भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

04.12.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1401 का उत्तर

ओडिशा में जिप्सम भंडार की ढुलाई के लिए विशिष्ट रेल रेक

1401. श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ओडिशा के पारादीप से जिप्सम भंडार की ढुलाई के लिए समर्पित रेल रेक उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो राजस्व सृजन में वृद्धि की संभावना के बावजूद, उक्त प्रयोजनार्थ पर्याप्त रेल रेक उपलब्ध न कराने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार पारादीप में जिप्सम के बढ़ते हुए भंडार की समस्या से निपटने और विभिन्न स्थानों तक खनिज की अधिक कुशल ढुलाई की सुविधा के लिए विशेष मालगाड़ियां या लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर शुरू करने की योजना बना रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): पारादीप, ओडिशा से जिप्सम का लदान बीसीएन ग्रुप, बॉक्सन ग्रुप और बोस्ट मालडिब्बों जैसे बंद और खुले मालडिब्बों वाले रेकों में किया जाता है। जब कभी भी आवश्यकता हो, पर्याप्त रेक उपलब्ध कराए जाते हैं।

S.K

इसके अलावा, पारादीप तक जाने वाली रेल लाइनों की ढुलाई क्षमता बढ़ाने के लिए हाल ही में निम्नलिखित परियोजनाओं को स्वीकृत किया गया है:

1. **पारादीप-बड़बन्ध तीसरी और चौथी लाइन**
2. **सिजु और पारादीप कोचिंग यार्ड के बीच फ्लाईओवर**
3. **हरिदासपुर पर फ्लाईओवर**

इसके अलावा, क्षेत्र में क्षमता वृद्धि के लिए निम्नलिखित सर्वेक्षणों को भी स्वीकृत किया गया है:

1. **पारादीप-हरिदासपुर दोहरीकरण (80 कि.मी.)**
2. **कटक पर फ्लाईओवर (40 किमी.)**
3. **कटक-बड़बन्ध तीसरी और चौथी लाइन (72 कि.मी.)**

*****

S.K